प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

1 नवंबर 2023

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – अक्तूबर 2023

अक्तूबर 2023 माह के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की ऋण और जमा दरों के संबंध में प्राप्त आंकड़े तालिका 1 से 7 में दर्शाए गए हैं।

मुख्य बातें:

उधार दर:

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) सितंबर 2023 में 9.38 प्रतिशत (अगस्त 2023 में 9.47 प्रतिशत) थी।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बकाया रुपया ऋणों पर डब्लूएएलआर सितंबर 2023 में 9.83 प्रतिशत रह गया, जबकि अगस्त 2023 में यह 9.84 था।[1]
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की निधि की सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) की 1-वर्ष की माध्यिका अक्तूबर 2023 में 8.70 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही।

जमा दर:

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए रुपया मीयादी जमा पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) सितंबर 2023 में 6.32 प्रतिशत रह गई, जबकि अगस्त 2023 में यह 6.33 प्रतिशत थी।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की बकाया रुपया मीयादी जमा पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) सितंबर 2023 में 6.69 प्रतिशत (अगस्त में 6.60 प्रतिशत) थी।[1]

श्वेता शर्मा
उप महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1221

[1] किसी बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया है।